H.S.E. (I)
February 2008

Reg. No. ..........................................

Name ..........................................

203

## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Use the 'cool off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.

**നിർദ്ദേശങ്ങൾ:**

- നിർദ്ദിഷ്ട സമയത്തിന് പുറമെ 15 മിനിറ്റ് 'കൂൾ ഓഫ് ടൈം ' ഉണ്ടായിരിക്കും. ഈ സമയത്ത് ചോദ്യങ്ങൾക്ക് ഉത്തരം എഴുതാനോ, മറ്റുള്ളവരുമായി ആശയ വിനിമയം നടത്താനോ പാടില്ല.
- ഉത്തരങ്ങൾ എഴുതുന്നതിന് മുമ്പ് ചോദ്യങ്ങൾ ശ്രദ്ധാപൂർവ്വം വായിക്കണം.
- എല്ലാ ചോദ്യങ്ങൾക്കും ഉത്തരം എഴുതണം.
- ഒരു ചോദ്യനമ്പർ ഉത്തരമെഴുതാൻ തെരഞ്ഞെടുത്തു കഴിഞ്ഞാൽ ഉപചോദ്യങ്ങളും അതേ ചോദ്യ നമ്പരിൽ നിന്ന് തന്നെ തെരഞ്ഞെടുക്കേണ്ടതാണ്.

**सूचना** : नीचे दिए कवितांश पढ़िए और अनुबद्ध कार्य कीजिए ।

निर्दय उस नायक ने
निपट-निठुराई की,
कि झोंकों की झाड़ियों से
सुंदर सुकुमार देह-सारी झकझोट डाली,
मसल दिए गोरे कपोल गोल;
चौंक पड़ी युवती,
चकित चितवन निज चारों ओर फेर,
हेर प्यारे को सेज पास
नम्रमुखी हँसी, खिली
खेल रंग प्यारे संग ।

**1.** प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है ? इसका कवि कौन है ? **(2)**

**2.** पवन ने कली को कैसे जगाया ? **(4)**

**3.** पवन और कली की दो दो क्रियाएँ कवितांश से छाँटकर लिखिए । **(4)**

| पवन | कली |
|---|---|
| निठुराना | चौंकना |
| ........ | ......... |
| ......... | ......... |

**सूचना** : यह गद्यांश पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

राजकुमार का जन्मदिन था । पूरे शहर में धूमधाम मच रहा था । बाजे बज रहे थे । राजकुमार एक सुन्दर रथ में बैठकर शहर की सवारी में निकला था। वह लोगों को मिठाइयाँ बाँटता था। लोग राजकुमार को उपहार और आशीर्वाद देते थे । राजा ने घोषणा की थी कि राजकुमार को जो व्यक्ति सबसे अच्छा उपहार देगा, उसको इनाम दिया जायेगा । धनी लोग बहुत मूल्यवान उपहार लेकर आ रहे थे। गाँव में एक गरीब माली था । राजकुमार को देने के लिए उसने कुछ दिन पहले एक गमले में गुलाब का पौधा लगाया था। अब उसमें सुन्दर फूल लगे थे। उसने गमले के साथ गुलाब राजकुमार को दे दिया और कहा "इसकी खुशबू की तरह आपकी कीर्ति देश भर फैलें"। राजकुमार को यह सबसे अच्छा उपहार लगा ।

**4.** गरीब माली का उपहार क्या था ? उसने उपहार कैसे तैयार किया ? **(2)**

**5.** राजकुमार के जन्मदिन का समाचार अखबार में छापने के लिए तैयार कीजिए । **(5)**

**6.** माली के उपहार को योग्य समझकर की जानेवाली राजा की उद्घोषणा तैयार कीजिए । **(5)**

**सूचना** : यह दोहा पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

आछे दिन पाछे गए, हरि ते किया न हेत ।
अब पछतावा क्या करे, चिडियाँ चुग गई खेत ॥

7. रेखांकित शब्दों के स्थान पर समान अर्थवाले खड़ी बोली शब्दों को चुनकर लिखिए । **(2)**
(से, बुरे, अच्छे, उड़, पीछे, पश्चाताप)

8. यह दोहा किस कवि ने लिखा है ? इसका भाव समझाइए । **(4)**

**सूचना** : संख्या **9** से **11** तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2 x 6 = 12)**

इस बातचीत का अंश पढ़िए ।

डाक्टर : अब तबीयत कैसी है ?
रोगी : पैर में थोड़ा दर्द है ।
डाक्टर : अच्छा लेटो । ... चिन्ता मत करो । सब ठीक हो जाएगा । समय पर दवाइयाँ लेना मत भूलना ।
रोगी : धन्यवाद, डाक्टर साहब ।

9. इस बातचीत के लिए उचित रंग सज्जा तैयार कीजिए ।

10. 'केरल भूमि' नामक पत्रिका अगले महिने से निकलनेवाली है । इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**सूचना** : नीचे दिये अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

11. Rabindranath Tagore says that God is with the poor people. Helping the poor is service to God. God loves those who love others.

**सूचना** : गद्यांश पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

अगले दिन घर से निकलने से पूर्व मैंने अपना भविष्य लगभग सभी पत्र-पत्रिकाओं में पढ़ लिया । एक वाक्य सभी जगह था, 'मन की इच्छा पूरी होगी'। अच्छी तरह चशमा साफ करके पढ़ा । झटपट उठा, बढ़िया सा सूट चढ़ाया और अपने दोस्त के पास पहुँच गया । देखा, तो वह भी अपनी राशि पढ़ रहा था। मुझे आता देख खुशी से चिल्ला उठा, 'मनोकामना पूर्ण होगी'। मैंने लक्ष्य किया, उसके पेपर का ब्रांड दुसरा था । मैं मन ही मन मायूस हो गया । वह फुरती से उठा और धड़ाधड़ शेव बनाने लगा । जीन्स का सूट चढ़ाया । पर्लयामा बाहर निकाली और हम लोग उड़े जा रहे थे ।

12. प्रस्तुत अंश किस कहानी का है ? **(1)**

13. पत्र में भविष्य पढ़कर लेखक ने क्या किया ? **(2)**

14. किताबघर में लड़की के साथ दोनों लड़कों के मिलन का वर्णन कीजिए । **(3)**

15. इस गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए । **(4)**

**सूचना** : कविता की पंक्तियाँ पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

हवा हूँ, हवा, मैं बसन्ती हवा हूँ!
वही हाँ, वही जो युगों से गगन को,
बिना कष्ट-श्रम के सम्हाले हुए हूँ,
हवा हूँ, हवा, मैं बसन्ती हवा हूँ ।
वही हाँ, वही जो धरा का बसन्ती
सुसंगीत मीठा गुँजाती फिरी हूँ,
हवा हूँ, हवा, मैं बसन्ती हवा हूँ ।

**16.** हवा युगों से क्या करती आ रही है ? **(2)**

**17.** हवा क्या गुँजाती फिरी है ? **(1)**

**18.** नीचे लिखे शब्दों का समानार्थी शब्द कवितांश से ढूँढकर लिखिए । **(2)**

धरती, आकाश

**19.** कवितांश को गद्य में बदलकर लिखिए । **(5)**

सूचना : संख्या **20** से **22** तक के प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2 x 10 = 20)**

**20.** आपके मुहल्ले में चोरी की घटनाएँ बहुत होने लगी है । नगर के पुलिस अधीक्षक को मुहल्ले की सुरक्षा के लिए एक पत्र लिखिए ।

**21.** संकेत पढ़कर उसके आधार पर निबंध तैयार कीजिए ।

प्रस्तावना : समय अमूल्य है - समय जीवन है - समय का सदुपयोग आवश्यक है - बीता समय वापस नहीं मिलता - समय की प्रतीक्षा करना - उचित समय पर उचित कार्य - प्रकृति की समय निष्ठा - महान व्यक्ति - समय की महत्ता. - उपसंहार -

**22.** निम्न संकेतों की सहायता से कहानी लिखिए ।

दो सहेलियाँ - एक बीमार - खिड़की से पेड़ को देखा - पतझड़ का मौसम - पत्ते गिर रहे । "आखिरी पत्ते के गिरने पर मेरी मृत्यू" - बीमार ने कहा । सहेली - पत्ते का चित्र बनाया - पेड़ पर लटका दिया । बीमार ने सोचा - आखिरी पत्ता गिरा ही नहीं - धीरे धीरे स्वस्थ - सहेली खुश ।